सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 354 | इंदौर, शनिवार 06 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

- **Iran: राष्ट्रपति पद के चुनाव में सुधारवादी मसूद पेजेशकियान की जीत, कट्टरपंथी जलीली को हराया**





# झमाझम बारिश से बाढ़ के हालात

# श्योपुर का बड़ोदा नगर बना टापू

## संपर्क कटा, अस्पताल से मरीजों को किया रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

श्योपुर। मध्य प्रदेश के श्योपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश की वजह से बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। शुक्रवार रात को हुई बारिश से बड़ोदा कस्बा टापू बन गया है और बाजारों में पानी भर गया है। बड़ोदा कस्बे का संपर्क जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों से कट गया है। साथ ही मानपुर के निचले इलाकों में भी पानी भर गया है।

श्योपुर सहित असापास के क्षेत्रों में बारिश की वजह से बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। शुक्रवार रात को हुई बारिश से बड़ोदा कस्बा टापू बन गया है और बाजारों में पानी भर गया है। बड़ोदा कस्बे का संपर्क जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों से कट गया है। साथ ही मानपुर के निचले इलाकों में भी पानी भर गया है। मानपुर कस्बे में सीप नदी का पानी आने से अस्पताल में पानी भर गया। जिससे अस्पताल के मरीजों को रेस्क्यू कर निकाला गया। श्योपुर शहर में कदवाल नदी का जलस्तर बढ़ने से गुप्तेश्वर मंदिर डूब गया है। मंदिर में फंसे महंत को रेस्क्यू कर निकाला गया है।

अंचल में मानसून सक्रिय है। श्योपुर व शिवपुरी के क्षेत्रों में रात से भारी बारिश हो रही है। बारिश की वजह से श्योपुर का कस्बाई क्षेत्र बड़ोदा टापू में बदल गया है। बाजार से लेकर हर जगह पानी भर गया है और कस्बे में आने जाने के लिए भी लोगों को परेशानी हो रही है। इसके साथ ही जिले का मानपुर कस्बे में सीप नदी का जलस्तर बढ़ने से संपर्क टूट गया है। सीप नदी का पानी अस्पताल में भरने से मरीजों के लिए खतरा पैदा हो गया। बाद में प्रशासन की टीम ने मरीजों को अस्पताल से रेस्क्यू किया। इसके साथ ही श्योपुर शहर में भी कदवाल नदी का जलस्तर बढ़ने से गुप्तेश्वर मंदिर पानी से घिर गया। इस वजह से मंदिर में महंत फंस गए। इन्हें भी टीम ने रेस्क्यू किया है।

### प्रशासन ने छात्रों को रेस्क्यू टीम के माध्यम से पहुंचाया कॉलेज

बड़ोदा में कॉलेज में भी पानी भर गया। यहां पर आज बीए का पेपर था। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की मांग पर कलेक्टर ने रेस्क्यू टीम को बड़ोदा भेजा। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम सभी छात्रों को बड़ोदा से निकालकर श्योपुर महाविद्यालय में परीक्षा के लिए ले गई। लेकिन फिर भी कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए।




### श्योपुर कोटा मार्ग भी बंद, पार्वती नदी उफनी

श्योपुर कोटा मार्ग पर पडऩे वाली पार्वती नदी उफान पर है। खातौली पुल पर करीब दो फीट पानी आ गया है। इसलिए सुरक्षा की दि्ष्ट से पुलिस ने कोटा मार्ग पर ट्रैफिक को बंद करा दिया है। साथ ही अमराल नदी रपटे पर 10 फीट पानी आने से 15 गावों का सोईकलां से सम्पर्क कट गया है।

# सभी त्यौहार एवं पर्व आपसी सद्भाव, एकता के साथ मनाए जाएंगे



## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर जिले में आगामी महिनों में आने वाले त्यौहार एवं पर्वों को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी त्यौहार एवं पर्व आपसी सद्भाव, एकता के साथ शांतिपूर्ण रूप से मनाये जाएंगे और हर हाल में इंदौर की गौरवशाली परम्परा को कायम रखा जायेगा।**

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एसपी ग्रामीण श्रीमती हितिका वासल, डीसीपी जोन दो श्री ऋषिकेश मीणा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, श्री रोशन राय तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में त्यौहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में त्यौहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति, मार्गों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल प्रबंध तथा सतत विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें जिससे कि किसी को परेशानी नहीं हो और त्यौहार आपसी सद्भाव के साथ शांतिपूर्ण रूप से मना सके। मार्गों की मरम्मत पर विशेष ध्यान दें। विद्युत आपूर्ति सतत बनाये रखने के लिये ट्रांसफार्मर की समुचित मरम्मत पहले से ही कर दी जाये।

## समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले 330 कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर आज अधिकारियों द्वारा इंदौर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले 330 कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए गये। इस तरह की कार्वाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी शासकीय सेवकों को हिदायत दी है कि वे अपने कार्यालय में शासन द्वारा निर्धारित समय सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। वे कार्यालय में शाम 6 बजे तक उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि शासकीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण लगातार किया जायेगा। निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर शासकीय सेवकों से कहा गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## पौधारोपण कार्यक्रम की तैयारियों हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर स्थित युगपुरूष धाम आश्रम पंचकुईया, बिजासन टेकरी बीएसएफ, सुपरकॉरिडोर स्थित रमना एवं रेवती रेंज में 6 एवं 7 जुलाई तथा 9 एवं 14 जुलाई को लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारियों और आवश्यक प्रबंधों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार युगपुरूष धाम आश्रम पंचकुईया में व्यवस्थाओं हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, बिजासन टेकरी बीएसएफ हेतु अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, सुपर कॉरिडोर स्थित रमना क्षेत्र हेतु अपर कलेक्टर श्री रोशन राय तथा रेवती रेंज हेतु अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल को आवश्यक दायित्व सौंपे गये है। सीएमएचओ श्री बी.एस. सैत्या एवं सिविल सर्जन श्री गिरधारी लाल सोढी को वृक्षारोपण स्थल पर आवश्यक पैरामेडिकल टीम एवं संसाधन उपलब्धता संबंधी दायित्व सौंपे गये है।

## शासकीय विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया केन्द्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा चयन परीक्षा 2024 के लिए शासकीय विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र पर 7 एवं 8 जुलाई को चयन परीक्षा का आयोजन होना है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री मंगलेश कुमार व्यास ने बताया कि पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया था। राज्य सेवा परीक्षा होने के कारण परीक्षा केन्द्र का स्थान परिवर्तित किया गया है। उन्होंने बताया कि सुपर-100 चयन परीक्षा 2024 के लिए आवेदन करने वाले परीक्षार्थी नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर निर्धारित नवीन परीक्षा केन्द्र पर सम्मिलित हो सकेंगे।

## फ्लाइट से पहुंचे श्रीनगर, शुरू की अमरनाथ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। कई सालों से बाबा अमरनाथ की यात्रा का नेतृत्व करने वाले परम शिव भक्त केदार पंड्या ने इस बार पहले ही दिन देपालपुर से बाबा अमरनाथ जी के यात्रा प्रारंभ होने वाले पहलगाम जाते को अपनी सूझबूझ के चलते पहुंचा दिया। गुरुवार को सुबह 8 लोगों का जत्था भगवान श्री 24 अवतार के दर्शन करने के उपरांत फ्लाइट से श्रीनगर पहुंचा श्रीनगर से पहलगाम बेस्ट कैंप में विराम दिया। बाबा बर्फानी अमरनाथ जी के परम भक्त केदार पंड्या, लोकेंद्र माली, भरतसिंह तंवर, संदीप सेन, सुमित गोयल, बाबूलाल गेहलोत सरपंच, अनिल बाजपेई, अजय पटेल आदि ने यात्रा भाग लिया। देपालपुर में कई लोगों ने जत्था का स्वागत किया।



## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज इंदौर आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 6 जुलाई को एक दिवसीय इंदौर प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सुबह 7.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर इंदौर आयेंगे। सुबह 11 बजे पितृ पर्वत पर 'एक वृक्ष माँ के नाम' अभियान अंतर्गत नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। श्री शुक्ल सुबह 11.30 बजे जिला अस्पताल इंदौर की प्रगति का निरीक्षण करेंगे। दोपहर 12 बजे रेसीडेंसी कोठी इंदौर पर आगमन होगा। श्री शुक्ल दोपहर 2 बजे श्री अरबिंदो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस इंदौर में 'भारत के ग्रामीण स्वास्थ्य की ओर एक कदम' कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 4 बजे महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज की साधारण सभा की बैठक लेंगे। श्री शुक्ल शाम 6 बजे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात शाम 7 बजे भोपाल हेतु प्रस्थान करेंगे।

## कटाक्ष




## प्रदेश के सहकारी दुग्ध संघों के किसानों को दुग्ध पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। प्रदेश के दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि देने की पिछली सरकार से लगातार मांग कर रहे इंदौर दुग्ध संघ अध्यक्ष की मांग पर सरकार द्वारा बजट में दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए 150 करोड रु का प्रावधान किया है ।उक्त जानकारी देते हुवे इंदौर सहकारी दुग्ध संघ सांची के अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने बताया कि वर्तमान में

प्रदेश में कुल 6 सहकारी दुग्ध संघ है जिसमें एकमात्र निर्वाचित संचालक मंडल सिर्फ इंदौर सहकारी दुग्ध संघ में है जिसमे इंदौर दुग्ध संघ एवं दुग्ध समितियां अपने मुनाफे में से अपने दुग्ध उत्पादक किसानों को बोनस



के रूप में राशि प्रदाय करती हैं। किसानो की और आमदनी बढ़ाने के लिए पटेल ने 4 अप्रैल 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं 15 फरवरी 2024 को वर्तमान मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव को पत्र लिखकर दुग्ध उत्पादक किसान भाईयों को दुग्ध पर 5 रू प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने काआग्रह किया था।

जिसका असर हुआ और प्रदेश सरकार द्वारा बजट में दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए 150 करोड रु का प्रावधान किया है । जिसका लाभ प्रदेश के 6 सहकारी दुग्ध संघों में हजारों दुग्ध प्रदाय करने वाले दुग्ध उत्पादक किसानों को मिलेगा। इसके साथ ही मोतीसिंह पटेल ने कहा कि अगर किसान की आमदनी दुगनी करना है तो कृषि के साथ पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए जिस प्रकार से प्रदेश सरकार ने प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किया। इसी प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा सहकारी दुग्ध संघ और सहकारी दुग्ध समितियो पर जो इनकम टैक्स लगता है उसमें भी छूट देना चाहिए। जिससे दुग्ध संघ किसानो को दुग्ध के अधिक से अधिक क्रय भाव दे सके। साथ ही अपने मुनाफे में से दुग्ध संघ व दुग्ध समितिया किसानो को ज्यादा से ज्यादा बोनस की राशि सदस्यों को प्रदाय कर सके।

# शादी का झांसा देकर युवती से कोचिंग क्लास में ज्यादती

## आरोपी युवक के घरवालों के मना करने पर टूट गई थी दोनों की शादी

**इंदौर। शादी का झांसा देकर आरोपी युवक 30 साल की युवती के साथ ज्यादती करता रहा। युवती ने जब उसे शादी के लिए कहा तो मना कर दिया। कुछ समय पहले पीड़िता ने मामले में पुलिस को शिकायत की। अब आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।**

द्वारकापुरी थाना पुलिस ने 30 वर्षीय पीडिता की शिकायत पर आरोपी राहुल व्होरा जैन निवासी न्यू द्वारकापुरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि राहुल से उसकी शादी की बात हुई थी लेकिन बाद में राहुल के घर वालों ने शादी तोड़ दी। शादी टूटने के बाद भी राहुल ने पीडिता से संपर्क बनाए रखा। आरोपी राहुल ने शादी का झांसा देकर उसे कोचिंग क्लास बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। दोबारा कोचिंग क्लास बुलाकर मारपीट की बार-बार ज्यादती करने लगा। बाद में आरोपी युवक शादी से मुकर गया। पीडिता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने पर आवेदन दिया था, जिस पर से केस दर्ज किया गया है।

# नाबालिग को अगवा कर किया रेप, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र से 24 जून 2024 से लापता हुई नाबालिग लड़की को पुलिस ने 1 जुलाई को दस्तयाब कर लिया था। शुक्रवार शाम पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने वाले आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।**

उप निरीक्षक चांदनी सेंगर ने मामले की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 24 जून 2024 को नाबालिग के लापता होने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज करवाई थी, परिजनों ने नाबालिग लड़की के अपहरण का शक जाहिर किया था, पुलिस ने शहर के सीसीटीवी और नाबालिग के फोन की लोकेशन के आधार पर तलाश में लगी थी। 1 जुलाई को नाबालिग लड़की के परिजनों ने सूचना दी कि उनकी लड़की घर आ गई हे। पुलिस की ओर से नाबालिग लड़की से पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसे कॉलोनी में ही रहने वाले एक युवक ने बहला फुसला कर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। साथ ही उसने बताया कि लड़के ने चार दिनों में कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने नाबालिग लड़की के बयान के आधार पर दुष्कर्म और अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर युवक को गिरफ्त में लिया है। वहीं आरोपी भी नाबालिग हे।

# इंदौर में वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियां जोरों पर, पौधों के लिए स्थानों का चयन

## 51 लाख हरे - भरे पौधों से लहराएगा इंदौर

### महाअभियान के अतिथि - अमित शाह, ओम बिलड़ा, भूपेन्द्र यादव और सीएम मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इस मानसून में इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने के बड़े अभियान की शुरूआत रविवार 7 जुलाई से होने जा रही है। इस दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में बिजासन की टेकरी और उसके आसपास के क्षेत्र में 90 हजार पौधे लगाएं जाएंगे। इस कार्यक्रम में पौधारोपण के अभियान पर प्रधानमंत्री के संदेश का भी प्रसारण होगा। यह महाअभियान सात दिनों तक चलेगा। इसमें तीन बड़ी हस्तियां अलग अलग तिथियों पर इंदौर आकर पौधे लगाएंगे। 7 जुलाई को केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव, 10 तारीख को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और 14 जुलाई को देश के गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। हालांकि तीनों की स्वीकृति आ चुकी है। हालांकि इन बड़े नेताओं की तिथियां आगे - पीछे हो सकती है।

### रोजाना 2 लाख गड्ढे खोदे जाएंगे

नगरीय प्रशासन मंत्री और इस महाअभियान के मुख्य सूत्रधार कैलाश विजयवर्गीय के अनुसार कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को 14 जुलाई को रेवती रेंज में सप्ताह भर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान के अंतिम दिन शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है। समाज के सभी वर्गों से इस महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने का आह्वान भी किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पौधे लगाए जाएंगे, उनका नाम रामायण के पात्रों के नाम पर रखा जा रहा है. इसकी तैयारियां जोरों पर हैं. विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन हजारों गड्ढे खोदे जा रहे हैं.। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए, गड्ढे खोदने की दर को बढ़ाकर रोज 2 लाख गड्ढे करने के लिए मिट्टी खोदने वाली मशीनें खरीदी जा रही हैं।

### पहला कार्यक्रम बिजासन टेकरी पर

प्रदेश के नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के द्वारा इस बार इंदौर में 51 लाख पौधे लगाने का फैसला लिया गया है। इस फैसले को क्रियान्वित करने के लिए इस समय इंदौर नगर निगम, जिला प्रशासन, इंदौर विकास प्राधिकरण और वन विभाग के अधिकारी दिन-रात एक कर रहे हैं। इस पौधारोपण के कार्यक्रम की शुरूआत 7 जुलाई रविवार से होने जा रही है। इस दिन पहले कार्यक्रम का आयोजन बिजासन टेकरी पर किया जा रहा है। टेकरी के क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र में 90 हजार पौधे लगाने की तैयारी है।

# गोवंश तस्करी में 10 साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

## कई जिलों में डेढ़ दर्जन से अधिक अपराध दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गोवंश तस्करी में खंडवा से फरार चल रहे बदमाश को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। उसकी 10 साल से पुलिस को तलाश थी। आरोपी पर कई जिलों में डेढ़ दर्जन के आसपास केस पंजीबद्ध हैं। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली की गोवंश की तस्करी केस में थाना छैगांव माखन जिला खंडवा से फरार युवक यहां छुपा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी दयाराम परमार निवासी ग्राम झिल्ला तहसील आष्टा, हाल मुकाम कृष्णबाग कालोनी को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि वह पैसे के लालच में गोवंश की गाडियां ग्वालियर के मेगांवा से भरकर सुंद्रेल धार में लाकर छोड़ता था। फरारी के दौरान भी आरोपी लगातार उक्त कृत्य को अंजाम दे रहा। पिछले महीने ही थाना बीएनपी देवास में आरोपी गौवंश की गाड़ी सहित पकड़ा गया था। बाद में उसे कोर्ट ने जमानत दे दी थी।

### धमकाने के लिए रखता था हथियार

गौवंश की तस्करी करना ही आरोपी का मुख्य रोजगार है। रास्ते में कोई अगर रोके तो उनको धमकाने के लिए वह अपने साथ में हथियार भी रखता है। पूर्व में एक बार अवैध हथियार के साथ थाना किशनगंज में बंद हो चुका है। तब आरोपी के पास से देशी कट्टा और कारतूस बरामद किए थे।

# 51 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर सवार होकर निकलेंगे प्रभु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दुनिया के 200 से अधिक देशों में निकलने वाली इस्कॉन की परंपरागत जगन्नाथ रथयात्रा इंदौर में भी रविवार, 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम मंदिर से पूरे लाव-लश्कर के साथ निकलेगी। यात्रा के लिए 51 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ की साज-सज्जा का काम जारी है।

वृंदावन से आए विभिन्न किस्म के फूलों, भगवान के परिधानों एवं रथ का यात्रा मार्ग साफ करने के लिए स्वर्ण झाड़ुओं का उपयोग होगा। देश-विदेश के अनेक संत एवं श्रद्धालु भी हरे रामा हरे कृष्णा और भगवान जगन्नाथ के जयघोष के बीच रथयात्रा में शामिल नजर आएंगे।

इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु, रथयात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल एवं शैलेंद्र मित्तल ने बताया कि रथयात्रा के पूर्व इस्कॉन के निपानिया स्थित मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रह तीन विशिष्ट वाहनों से विद्याधाम मंदिर लाकर रथ में विराजित किए जाएंगे। इस अवसर पर राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं शहर के अन्य जन प्रतिनिधि इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शहर के विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठजन भी इस यात्रा में शामिल रहेंगे। रथयात्रा के दर्शनार्थियों के लिए रथ पर सूखे मेवों, केले एवं नुक्ती प्रसाद के वितरण की व्यवस्था पूरे समय चलेगी।

# ओटीपी पूछा और निकाल लिए 1 लाख 35 हजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एरोड्रम इलाके में युवक से ठगी का मामला सामने आया है। फरियादी युवक को आरोपी ने पार्सल के बारे में फोन किया। फिर मोबाईल नंबर पर आए ओटीपी की जानकारी ली और बैंक खाते से एक लाख से ज्यादा रुपए निकाल लिए। शिकायत के बाद मामले में पुलिस जांच कर रही है। एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार फरियादी धनजीत चौधरी उम्र 30 साल निवासी संगम नगर की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। धनजीत को मोबाइल नंबर 9330 164337 से फोन आया था। आरोपी ने फोन पर पार्सल आने की बात कही थी। आरोपी ने उससे मोबाईल पर आए ओटीपी नंबर की जानकारी ली। आरोपी ने ओटीपी के जरिए धनजीत के बैंक अकाउंट से 1 लाख 35 हजार 995 रुपए निकाल लिए। घटना 17 जून की है। मामले में धनजीत ने थाने पर आवेदन दिया था, जिस पर से पुलिस ने अज्ञात मोबाईल नंबर के धारक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नई दिशा, नया गगन कार्यक्रम में शामिल हुई बालिकाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला-बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकने के उद्देश्य से नई दिशा-नया गगन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत संस्था उदय के सहयोग से पीटीसी में मूसाखेड़ी की 120 बालिकाओं के लिए 15 दिनी प्रशिक्षण कैम्प लगाया गया था, जिसका समापन पौधारोपण के साथ किया गया। कैम्प में प्रतिदिन इनडोर-आउटडोर कोर्स की कक्षाएं लगाकर पास्को एक्ट, सायबर अपराध, ट्रैफिक अवेयरनेस उनके व्यक्तित्व विकास की जानकारी सहित उनके सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बालिकाओं ने भी जो इस कैम्प में सीखा उसके अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उनमें आत्मविश्वास जागा है, जिससे वे बुराइयों से अब डरेंगी नहीं बल्कि लड़ेगी तथा अपने अच्छे भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर ही चलेंगी। समापन पर प्रशिक्षु बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांस और कविताओं के माध्यम से प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मनमोह लिया। कैम्प के दौरान बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। 15 दिन में बच्चों के लिए मेहंदी, पेंटिंग, योग, मार्शल आर्ट्स आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका डुडवे व शिवम ठक्कर द्वारा किया गया।

## लिंक भेज 49 हजार ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बदमाशों ने राऊ इलाके के प्लायवुड कारोबारी विकास चौहान को लिंक भेजकर 49 हजार 353 रुपए ठग लिए। बदमाशों ने निजी बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का होना बताकर कॉल किया फिर एक लिंक डाउनलोड करवाकर डिटेल हथियाली और रुपए निकाल लिए। पुलिस ने बताया कि कान्हाश्री कॉलोनी रंगवासा निवासी विकास 2 जून को सिरोंज जा रहे थे। तभी उन्हें एक नामी बैंक के नाम से फोन आया था। व्यापारी ने लिंक ओपन की तो वेब पेज को सही मानकर जानकारी शेयर कर दी।

## युवक से मोबाइल छीना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रैपिडो बाइक का इंतजार कर रहे एक युवक के हाथ से दो बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कनाडिया थाना पुलिस के मुताबिक फरियादी मयंक सिहारे उम्र 40 साल निवासी ग्रीन वैली अपार्टमेंट कनाडिया रोड की शिकायत पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना ग्रीन वैली अपार्टमेंट के सामने कनाडिया रोड की है। फरियादी मयंक अपना मोबाइल फोन हाथ में लेकर रैपिडो बाइक इंतजार कर रहा था तभी दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आए और फरियादी के हाथ पर झपट्टा मारकर सैमसंग एस 23 अल्ट्रा मोबाईल फोन छीनकर ले गए।

## फेसबुक पर दी जान से मारने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** फेसबुक पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। फेसबुक आईडी किसी सुमित यादव के नाम से है। पुलिस आरोपी का पता लगाने में जुटी है। एरोड्रम थाना पुलिस के अनुसार फरियादी दक्ष सोलंकी निवासी अमरकुंज कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने युवक को फेसबुक आईडी पर जान से मारने की धमकी दी है। फेसबुक आईडी सुमित यादव के नाम से है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।

## स्कूटी की डिक्की से पर्स चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना पुलिस ने फरियादी स्नेहल चौधरी उम्र 26 साल निवासी एमजीएम गर्ल्स होस्टल की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसकी स्कूटी की डिक्की से बदमाश पर्स और एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान चुरा ले गए। पर्स में सोने की चेन और रुपए थे।

## पिपलेश्वर गणेश की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

### सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। उज्जैन में चामुंडा माता चौराहा के समीप स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित पिपलेश्वर गणेश की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जब दर्शन के लिए लोग पहुंचे तो भगवान की मूर्ति खंडित मिली। इस दौरान वहां भीड़ लग गई, लेकिन सूचना मिलने के बावजूद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी।

नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में नगर वन निर्माण आम लोगों के घूमने और मनोरंजन के लिए बनाया था। लेकिन यहां सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण शाम के बाद नशेड़ी और असामाजिक तत्वों का मजमा लगा रहता है और अनैतिक गतिविधियां चलती रहती हैं। गुरुवार रात परिसर में उत्तरामुखी मंदिर के समीप स्थित पिपलेश्वर गणेशजी की प्रतिमा किसी असामाजिक व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दी। आज जब दर्शन के लिए लोग पहुंचे तो भगवान गणेश की प्रतिमा खंडित मिली।

पता चलने पर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई थी। घटना की सूचना देवासगेट थाना पुलिस को दी गई। लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस वहां नहीं आई थी। श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां रात के समय असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है और नशेड़ी रात में जमा रहते हैं। सुबह शराब की बोतलें और अन्य प्रकार की गंदगी पड़ी मिलती है। रात में यहां पुलिस देखने नहीं आती है और पूरा परिसर नशेड़ियों का अड्डा बना रहता है। नशेड़ियों के यहां जमा रहने के कारण आम लोग घूमने भी नहीं आते।

### बेबसी की तस्वीर

# बरसते पानी में तिरपाल लगाकर करना पड़ा आदिवासी महिला का अंतिम संस्कार

**टीनशेड की मांग अनसुनी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में महिला का अंतिम संस्कार तिरपाल लगाकर करना पड़ा है। लगातार बारिश से परिजनों ने लकड़ी लगाकर तिरपाल लगाई फिर महिला की चिता को अग्नि दी गई। ये तस्वीर विकास के दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।**

मामला राजधानी भोपाल जाने वाले रास्ते पर स्थित बुढ़ाना ग्राम पंचायत के भरेड नदी का है। जानकारी के मुताबिक बुढ़ाना निवासी धर्मेन्द्र भील की पत्नी सीमा भील (22) का निधन हो गया था। सीमा भील का 8 दिन पहले प्रसव हुआ था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ती गई और अंततः गुरुवार को सीमा ने दम तोड़ दिया। सीमा के परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए भरेड नदी के पास ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए मुक्तिधाम पर पहुंचे थे, यहां अचानक बारिश होने लगी। मुक्तिधाम पर दीवार और टीनशेड नहीं होने की वजह से लोगों ने एक तिरपाल को चिता के ऊपर लकड़ियों के सहारे लगाया। तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया जा सका।



कुछ ग्रामीणों ने बारिश के बीच तिरपाल का सहारा लेकर किए गए अंतिम संस्कार का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद गांवों में किए जा रहे चहुंमुखी विकास के दावों की जमकर आलोचना की जा रही है। बहरहाल बुढ़ाना के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत के मुक्तिधाम पर टीनशेड नहीं लगा पाई है, जिसकी वजह से हर साल बारिश में इस तरह के दृश्य यहां देखने को मिल जाते हैं।

## सीएम मोहन यादव आज उज्जैन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

### गोशाला संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को उज्जैन के ग्राम रत्लाखेड़ी स्थित कपिल गौशाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान और गौशाला संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के सामने नवनिर्मित संयुक्त कार्यालय भवन तहसील कोठी महल का लोकार्पण भी किया जाएगा।



शुक्रवार को कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने कपिला गौशाला पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर एसपी ने संयुक्त कार्यालय भवन तहसील कोठी महल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव 6 जुलाई को दोपहर 12:40 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड उज्जैन पहुंचेंगे और दोपहर 1 बजे सम्राट विक्रमादित्य भवन चिंतामण गणेश मार्ग में शिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और विद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 2:40 बजे कपिल गौशाला में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान और गौशाला संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा दोपहर 3:45 संयुक्त कार्यालय भवन तहसील कोठीमहल, उज्जैन का लोकार्पण करेंगे।

## नौकरी नहीं मिलने पर दिल्ली की युवती ने लगाई शिप्रा में छलांग

### कूदने से पहले किए महाकाल के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। साक्षात्कार देने के बावजूद चयन न होने पर परेशान एक युवती ने भगवान महाकाल के दर्शन किए और शिप्रा नदी में डूबकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवती को मौके पर उपस्थित गार्ड ने बचा लिया। युवती दिल्ली से साक्षात्कार के उज्जैन आई थी। पुलिस के अनुसार युवती दिल्ली निवासी है। वह किसी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने उज्जैन आई थी। इसके पहले भी वह कई बार नौकरी के लिए साक्षात्कार दे चुकी है, लेकिन कहीं भी उसका चयन नहीं हुआ। उज्जैन में भी इंटरव्यू के बाद नौकरी के लिए युवती का चयन नहीं हो पाया, इससे आहत होकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी मिली है कि पहले युवती ने महाकाल मंदिर जाकर दर्शन किए। इसके बाद शिप्रा नदी पहुंचकर अपनी जान देने का प्रयास किया। इस दौरान वहां उपस्थित गार्ड ने जब उसे डूबते हुए देखा तो तुरंत उसे बचा लिया। बाद में युवती को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने उसकी काउंसलिंग करवाई, जहां हकीकत सामने आई। इसके बाद उसे दिल्ली रवाना किया गया। पुलिस के अनुसार वी केयर फॉर यू के जरिए युवती की काउंसलिंग करवाई गई। इस दौरान युवती ने अपने बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद युवती को अच्छी तरह से समझाइश दी गई। टीम ने उसे रेल का टिकट भी मुहैया करवाया। महाकाल पुलिस थाने के एसआई चंद्रभान सिंह खुद अपने वाहन पर उसे रेलवे स्टेशन ले गए और दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठा कर रवाना कर दिया। महाकाल पुलिस थाने के सीएसपी ओम प्रकाश मीणा के अनुसार युवती की जान बचाने के बाद उसे समझाइश दी गई तथा उसे घर भेज दिया गया है।

## दूषित पानी पीने से 250 से अधिक लोग बीमार, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर। सागर के झांसी-सागर रोड पर स्थित नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मैहर ग्राम में दूषित पानी पीने से करीब 250 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। उनको उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर मरीजों को बीएमसी और आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव भेजी गई है। टीम गुरुवार की देर रात तक गांव में मरीजों का उपचार करती रही। वहीं, पीएचई विभाग की टीम ने पानी के सैंपल लिए हैं, जो जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक प्रदीप लारिया ने कलेक्टर से चर्चा की और इलाज के समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दीपक आर्य मेहर ग्राम में पहुंचे और बीएमसी में मरीजों का हालचाल जाना। इसमें ललन बंसल नामक व्यक्ति की मौत की खबर भी सामने आई है।

**कलेक्टर पहुंचे ग्राम में और अस्पताल में देखा मरीजों को-** कलेक्टर दीपक आर्य नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मैहर पहुंचे। जहां उन्होंने गत रात्रि उल्टी दस्त प्रभावित परिवारों से चर्चा की एवं आवश्यक अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम विजय डेहरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे, पीएचई के अधिकारी हेमंत कश्यप सहित अन्य अधिकारी, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद था। नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेहर में हुए हैजा के प्रकोप से प्रभावित मरीजों को तत्काल और अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके। इस हेतु नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से चर्चा कर जांच हेतु एक विषेष टीम भेजने का अनुरोध किया। विधायक लारिया के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने शीघ्र विशेष टीम भेजने की सहमति प्रदान की। ग्राम मेहर में उल्टी दस्त से प्रभावित व्यक्तियों का हर संभव इलाज किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्राम मेहर में अस्थाई अस्पताल तैयार की गई एवं डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम मेहर में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकिता राय ने ग्राम मेहर में उल्टी दस्त फैलने की सूचना दी गई। उसके बाद तत्काल ग्राम मेहर में कामवेट टीम को भेजा गया, जिसमें सीबीएमओ डॉ. विकेश फुसकेले, डॉ. अंकिता राय द्वारा ग्राम का भ्रमण किया गया।

## अगस्त में 9 हजार टीचर्स की भर्तियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में 9 हजार टीचर्स समेत विभिन्न विभागों में 11 हजार पदों पर भर्तियां की जाएंगी। कर्मचारी चयन मंडल (पुराना नाम व्यापमं) ने एग्जाम का कैलेंडर तैयार कर लिया है। माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा अगस्त 2024 में कराने की तैयारी है। इसमें 2018 और 2023 में पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा 9 अन्य विभागों ने भी अपनी-अपनी जरूरत के मुताबिक पदों की संख्या मंडल को भेज दी है। किस विभाग की भर्ती परीक्षा कब होगी, इसका शेड्यूल मंडल ने तैयार कर लिया है। मंडल के अधिकारियों ने भी इस बात की पुष्टि की है। चयन मंडल के डायरेक्टर साकेत मालवीय ने बताया कि अलग-अलग विभागों ने पदों की जानकारी भेजी है। इनमें से कुछ पदों में बाद में इजाफा किया जा सकता है। खास तौर पर पुलिस और वनरक्षक भर्ती की इस साल होने वाली परीक्षाओं के पदों में इजाफा हो सकता है। अभी इन एग्जाम के लिए रूल बुक जारी नहीं हुई है।

# संपादकीय

## लापरवाही से उपजी अव्यवस्था

हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुए हादसे की न्यायिक जांच की घोषणा हो गई है और इस तरह अब इसके सहारे सरकार इस घटना पर उठने वाले सवालों के शांत होने की उम्मीद कर रही है। अब इस जांच के नतीजे कब आएंगे, किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी, क्या कार्रवाई होगी, यह सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है। मगर इस घटना में जो हुआ, उसने न केवल किसी स्वयंभू बाबा और उसके समूह को, बल्कि सरकार और समूचे प्रशासन-तंत्र को कठघरे में खड़ा किया है। हालत यह है कि एक बाबा के कथित सत्संग के आयोजन को लेकर तो सभी स्तरों पर लापरवाही बरती ही गई, उससे उपजी अव्यवस्था की वजह से मची भगदड़ में कम से कम एक सौ इक्कीस लोगों के मारे जाने के बाद कार्रवाई के मामले में भी पुलिस और प्रशासन का जो रुख सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। खबरों के मुताबिक भगदड़ के बाद छह सेवादार भाग गए थे, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की गई। इसके अलावा, पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो 'भोले बाबा' से भी पूछताछ की जाएगी। हालांकि इसका कोई संतोषजनक जवाब सामने नहीं आया है कि बाबा का नाम पुलिस के पास दर्ज प्राथमिकी में क्यों नहीं है! सवाल है कि आस्था के नाम पर सामने आई त्रासदी के लिए अगर सत्संग के आयोजकों की जिम्मेदारी बनती है, तो इस व्यापक लापरवाही में प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से कैसे बच सकता है? अस्सी हजार लोगों की जुटान की इजाजत दे दी गई और ढाई लाख लोगों का जमावड़ा हो गया तो यह किसके आंख मूंद लेने की वजह से हुआ? इतनी बड़ी तादाद में लोगों के वहां आने के बाद प्रशासन ने क्या ऐसा किया ताकि आपात स्थितियों में बचाव हो सके? जिस राज्य में आए दिन सरकार किसी भी कोने में छिपे अपराधियों को काबू में करने का दावा करती रहती है, उसमें पुलिस और खुफिया तंत्र के इतने बड़े जाल के बावजूद 'भोले बाबा' कैसे फरार हो गया? सब कुछ दुरुस्त होने के दावे के बीच एक बाबा भारी संख्या में लोगों को जुटा कर अपनी महिमा का बखान करता रहा। फिर भगदड़ के बाद उसके फरार हो जाने पर पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही और प्राथमिकी तक में उसका नाम नहीं है तो इसके पीछे क्या वजहें हैं? सच यह है कि इस तरह बाबाओं के समाज या साधारण लोगों के बीच पांव पसारने और उन्हें मन-मुताबिक संचालित करने के लिए भी सरकार की जिम्मेदारी बनती है। आम लोग अपनी जीवन-स्थितियों में बेहतरी और विकास लाने के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई-लिखाई करें, नए विचारों से समृद्ध हों, इसकी व्यवस्था करना सरकार का दायित्व है। मगर इसके समांतर संदिग्ध पृष्ठभूमि वाला कोई व्यक्ति बाबा का रूप धर कर लोगों को इस हद तक प्रभावित कर लेता है कि कुछ पीड़ित भी भगदड़ और लोगों के मारे जाने के लिए उस पर सवाल उठाने को गलत मानने लगते हैं। आस्था के नाम पर इस तरह के सम्मोहन की स्थिति पैदा होने को लेकर क्या सरकारों की कोई जवाबदेही नहीं बनती? अव्यवस्था से उपजी कोई बेहद दुखद घटना हो जाती है, लोगों की जान चली जाती है, तब समूचा सरकारी तंत्र अत्यधिक सक्रिय दिखने लगता है। अफसोस की बात यह है कि जब ऐसी भयावह घटनाओं की भूमिका बन रही होती है, तब सरकार बेखबर रहती है। अगर समय रहते थोड़ी भी सक्रियता दिखाई जाती, तो शायद ऐसी त्रासदी से बचा जा सकता था!




भले ही शेखचिल्ली बेवकूफी भरी बातें और कार्य था, लेकिन एक दिन शेखचिल्ली की किसी काबिलियत को देखते हुए झज्जर नवाब शेख फारूख ने उसे अपने यहां नौकरी दे दी। दिन बीतते गए और शेख ईमानदारी से अपना काम करता रहा। एक दिन नवाब शिकार खेलने के लिए जंगल जा रहे थे।

उन्हें शिकार के लिए जाता देख शेख ने कहा, "महाराज मैं भी आपके साथ आना चाहता हूं।"

नवाब ने हंसते हुए उसे समझाया कि तुम वहां नहीं जा सकते हो। तुमने जीवन में कभी किसी चूहे का भी शिकार नहीं किया होगा, तो तुम जंगल चलकर क्या करोगे?

झज्जर नवाब से यह सुनकर दुखी आवाज में शेखचिल्ली बोला, "आप मुझे अपनी काबिलियत दिखाने का एक मौका तो दीजिए।"

नवाब ने उसकी जिद देखकर शेखचिल्ली के हाथ में भी एक बंदूक थमा दी। अब सभी एक साथ कालेसर जंगल की ओर बढ़ने लगे। कुछ दूर पहुंचकर सब शिकार का इंतजार करने के लिए अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। नवाब साहब ने शेखचिल्ली को अपने साथ खड़े रहने को कहा।

तेंदुए को फंसाने के लिए पेड़ पर एक बकरी को बांध रखा था। फिर भी तीन घंटे तक तेंदुआ वहां आया नहीं। इतने में चिल्लाते हुए शेखचिल्ली ने पूछा कि कहा गया तेंदुआ अब तक आया क्यों नहीं। नवाब के पास में ही खड़े एक शिकारी ने कहा कि तुम चुप रहो। वरना सारा काम बिगाड़ दोगे।

इतने में ही शेखचिल्ली मन में ही ख्याली पुलाव पकाने लगा। उसके मन में हुआ कि एक-दो तेंदुए का शिकार करने के लिए इतने सारे लोग यहां आ गए हैं। आए सो आए, लेकिन एक भी तेंदुए को ढूंढने के लिए नहीं गया। सबके सब पेड़ के पीछे छुपकर उसका इंतजार कर रहे हैं।

फिर शेख के मन में हुआ कि मेरा बस चले, तो मैं बंदूक लेकर सीधा तेंदुए को ढूंढने के लिए निकल जाऊं। उसे ढूंढकर उसके पीछे-पीछे चुपचाप से चलने लगूंगा और जैसी ही वो मेरे तरफ देखेगा, तो उसका शिकार कर दूंगा। इतना सोचती ही शेख ने खुद से कहा कि वैसे सुना है कि तेंदुए बहुत तेज दौड़ते और बड़ी छलांग भी लगाते हैं। अगर वो मेरे ऊपर चढ़ गया, तो क्या होगा?

इस विचार को शेखचिल्ली ने अपने मन से जाने दिया। उसने कहा कि क्या हुआ अगर वो तेज दौड़ता है। क्या मैं उससे कम हूं। जैसे ही वो मेरी तरफ दौड़ेगा। मैं अपनी बंदूक चला दूंगा, लेकिन ऐसे पेड़ के पीछे छुपकर और बकरी की जान को खतरे में डालने से क्या होगा। सब के सब यहां डरपोक हैं। तभी जोर से बंदूक चलने की आवाज आई। आवाज सुनते ही शेखचिल्ली चिल्लाया तेंदुआ मर गया।

सब लोग पेड़ के पीछे से बाहर निकल आए। उन्होंने देखा कि बकरी जैसी की तैसी ही पेड़ पर बंधकर घांस खा रही है। कुछ दूर उन लोगों ने नजर दौड़ाई, तो तेंदुए को मरा पाया। सबको लगा कि शेखचिल्ली ने ही तेंदुए का शिकार किया है। सबने शेखचिल्ली को बधाई दी। सबसे वाहवाही मिलने पर शेखचिल्ली खुश हो गया, लेकिन उसे खुद समझ नहीं आया कि आखिर तेंदुआ मरा कैसे।

### कहानी से सीख :

कभी-कभी ऐसे लोग भी अपनी काबिलियत दिखा जाते हैं, जिनसे कुछ उम्मीद नहीं होती है। इसी वजह से किसी को कम नहीं आंकना चाहिए।

### चित्र में रंग भरो



Tamil Nadu

# जहरीली शराब पीकर मरने वाले स्वतंत्रता सेनानी नहीं 10 लाख के मुआवजे के विरोध में HC में याचिका

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सरकार के द्वारा कल्लकुरिची शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने के आदेश को रद्द करने के लिए मद्रास हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मोहम्मद गौस द्वारा दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख देने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा, 'जहरीली शराब के शिकार लोग स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे। उन्होंने



आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई नहीं गंवाई है। नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान गई।' गौस के अनुसार, नकली शराब पीना एक अवैध कार्य है। राज्य को उन लोगों पर दया नहीं करनी चाहिए, जिन्होंने नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान चली गई। उन्होंने कहा कि मुआवजा केवल दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिया जाना चाहिए, न कि उन लोगों को जिन्होंने अपने आनंद के लिए अवैध कार्य किया हो। उन्होंने कहा कि नकली और जहरीली शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश अनुचित और मनमाना है। नकली शराब पीने वालों को मुआवजा देने से मना किया जाना चाहिए तथा उन्हें पीड़ित नहीं माना जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह स्पष्ट और न्यायसंगत नहीं है कि किस आधार पर राज्य सरकार आग या किसी अन्य दुर्घटना के पीड़ितों को कम मुआवजा दे रही है।

Uttarakhand

## उत्तराखंड में भारी बारिश से जगह-जगह पानी, नेशनल हाईवे समेत 90 सड़कें बंद, स्कूलों की भी छुट्टी, रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार को हुई भारी बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया. इसमें पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी शामिल हैं. उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों हुई भारी बारिश से दो लोगों की मौत हो गई. मौसम विभाग ने 6 और 7 जुलाई के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है. भारी बारिश की संभावना के बीच नैनीताल जिले में आज भी स्कूल बंद हैं.

### इन जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, आज नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, उधम सिंह नगर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही चमोली और पौडी जिले के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश होने की संभावना है.

बता दें कि शुक्रवार को चंपावत जिले के लोहाघाट, बागेश्वर जिले के कपकोट और गढ़वाल के कुछ हिस्सों में काफी बारिश हुई है. देहरादून में पांच साल का बच्चा बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूब गया और एक किशोर हरिद्वार के नाले में डूब गया. देहरादून में भी लगातार रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश से कई सड़कों पर पानी भर गया है.

पहाड़ी राज्य में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. बारिश के कारण कई जगह भूस्खलन हुए, जिससे बद्रीनाथ की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख सड़कें अवरुद्ध हो गईं. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने कहा कि भूस्खलन ने 88 ग्रामीण मोटर योग्य सड़कों, दो सीमा सड़कों, एक राज्य राजमार्ग और बद्रीनाथ मंदिर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया है.

Uttarpradesh

## 'हादसे से दुखी हूं, विश्वास है उपद्रवी बख्शे नहीं जाएंगे...', हाथरस कांड के बाद पहली बार मीडिया के सामने आया 'साकार हरि' सूरजपाल

**नई हाथरस, (एजेंसी)** हाथरस में 121 लोगों की मौत के बाद से फरार चल रहे सूरज पाल उर्फ भोले बाबा उर्फ नारायण साकार विश्व हरि ने पहली बार मीडिया के सामने आकर बयान दिया है. उसने कहा है कि हम दो जुलाई की घटना के बाद बहुत व्यथित हैं. बाबा ने कहा, 'प्रभु हमें दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें. सभी शासन प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें. हमें विश्वास है जो भी उपद्रवकारी हैं वो बख्शे नहीं जाएंगे. ' सूरज पाल अपने बयान में आगे कहता है, 'हमने अपने वकील डॉक्टर एपी सिंह के माध्यम से कमेटी के महापुरुषों से यह प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं के परिजनों एवं ईलाजरत घायलों के साथ जीवन पर्यन्त तन, मन और धन से खड़ा रहने का आग्रह किया है. जिसको सभी ने माना भी है और सभी इस जिम्मेदारी को निभा भी रहे हैं.सभी महामन का सहारा ना छोड़ें. वर्तमान समय में वहीं माध्यम हैं. सभी को सदमति और सदबुद्धि प्राप्त होने की इच्छा रखते हैं. नारायण साकार हरि की संपूर्ण ब्राहंड में सदा-सदा के

New Delhi

## सरोगेसी से मां बनने पर महिला कर्मचारी मैटर्निटी लीव की अधिकारी नहीं? ओडिशा हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरोगेसी से मां बनने वाली को महिला कर्मचारी को मैटरनिटी लीव पर कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सरोगेसी से मां बनने वाली महिला कर्मचारी भी मैटरनिटी लीव की पूरी हकदार है। कोर्ट ने कहा कि यह न सिर्फ महिला के लिए लाभदायक है, बल्कि नवजात शिशु के स्वास्थ्य के लिए भी काफी बेहतर होगा। ओडिशा हाई कोर्ट में जस्टिस संजीब कुमार पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने एक महिला कर्मचारी के केस में यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार, मां बनने के अधिकार के साथ-साथ बच्चों के पूरे विकास का भी अधिकार देता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सरकार एडॉप्टिव मां को मैटरनिटी लीव दे सकती है तो सरोगेसी से मां बनने वाली कर्मचारी को इससे वंचित रखना गलत होगा।

इस मामले में याचिकाकर्ता गोपाबंधु एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन में ज्वॉइंट डायरेक्टर (अकाउंट्स) है। याचिकाकर्ता 20 अक्टूबर 2018 को सरोगेसी से मां बनी थी। उसने 25 अक्टूबर 2018 से 22 अप्रैल 2019 तक के लिए मैटरनिटी लीव के लिए अप्लाई किया था। इसके साथ ही महिला ने 23 अप्रैल 2019 से 9 सितंबर 2019 के लिए ईएल भी अप्लाई किया था। उसने 10 सितंबर 2019 को वापस ज्वॉइन कर लिया गया था। महिला की छुट्टी का आवेदन सैंक्शन के लिए फाइनेंस डिपार्टमेंट में भेजा गया था।

खेल

# यूरो कप 2024 में फ्रांस से पेनल्टी शूटआउट में हारकर बाहर हुई पुर्तगाल, अब स्पेन से सामना

**बर्लिन।** फ्रांस की टीम यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने शुक्रवार खेले गए मुकाबले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हरा दिया। इस हार के साथ पुर्तगाल की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई, जबकि फ्रांस की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उसका सामना अंतिम-4 में स्पेन से होगा। फुल टाइम और फिर एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर छूटा था।

120 मिनट तक दोनों में से कोई भी टीम गोल करने में नाकाम रही थी। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में मैच गया। इससे पहले पुर्तगाल और फ्रांस दोनों ने ही कुछ आसान मौके गंवाए थे। पुर्तगाल के लिए विटिन्हा और ब्रूनो फर्नांडीस ने मौके बनाए, लेकिन पुर्तगाल की टीम फायदा नहीं उठा सकी। फ्रांस के गोलकीपर मैगनन ने कुछ शानदार बचाव किए। फ्रांस



की ओर से कोलो मुआनी ने गोल की कोशिश की, लेकिन पुर्तगाल के डिफेंडर रुबेन डियास ने गोल बचाने वाला ब्लॉक किया। एक्स्ट्रा टाइम में दोनों ही टीमें डिफेंसिव अप्रोच के साथ उतरी थीं। काउंटर अटैक करने की जगह दोनों टीमें गोल बचाने पर ध्यान दे रही थीं। पुर्तगाल के नूनो मेंडीज के पास एक्स्ट्रा टाइम में गोल करने का मौका था, लेकिन बॉक्स के कोने से उनके शॉट को रोक लिया गया।

इसके बाद पेनल्टी शूटआउट की शुरुआत हुई। फ्रांस की टीम ने पहले किक लिया। उसमान डेम्बेले ने गोल दाग उन्हें 1-0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल की ओर से रोनाल्डो ने पहला शॉट लिया और गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। फ्रांस की ओर से दूसरा शॉट यूसुफ फोफाना ने लिया और स्कोर 2-1 कर दिया। पुर्तगाल की ओर से बर्नार्डो सिल्वा आए और स्कोर 2-2 कर दिया। फ्रांस की ओर से तीसरा शॉट जूल्स कूंडे ने लिया और स्कोर 3-2 कर दिया। पुर्तगाल की ओर से जोआओ फेलिक्स शॉट लेने आए और चूक गए। स्कोर 3-2 ही रहा। फ्रांस की ओर से चौथा शॉट ब्रैडली बार्कोला ने लिया और स्कोर 4-2 कर दिया। पुर्तगाल की ओर से नूनो शॉट लेने आए और स्कोर 4-3 कर दिया।

फ्रांस के थियो हर्नांडीज पांचवां शॉट लेने आए और उनके पास अपनी टीम को जिताने का मौका था और उन्होंने गोल दाग फ्रांस की टीम को 5-3 से जीत दिला दी।

फ्रांस की टीम छठी बार यूएफा यूरो कप का फाइनल खेलेगी। उनसे ज्यादा बार सेमीफाइनल जर्मनी ने खेला है। जर्मनी की टीम ने आठ बार सेमीफाइनल खेला है। फ्रांस की टीम पिछले पांच में से चार मेजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इनमें विश्व कप और यूरो कप शामिल हैं। 2020 यूरो कप में यह टीम राउंड ऑफ-16 से बाहर हो गई थी। पुर्तगाल की टीम किसी मेजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर सिर्फ दो बार हारी है।

सिनेमा

## जस्टिन बीबर ने अनंत अंबानी-राधिका की संगीत सेरिमनी के लिए वसूली है इतनी मोटी रकम, उंगलियों पर गिनना भी मुश्किल



देश के सबसे बड़े बिजनेसमैन में से एक मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी से पहले के फंक्शंस शुरू हो चुके हैं। बता दें कि अनंत राधिका मर्चेंट के साथ 12 जुलाई को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, ये फंक्शन अभी कई दिनों तक चलने वाला है। शादी से पहले प्री वेडिंग फंक्शंस की शुरुआत हो चुकी है और संगीत सेरिमनी का हिस्सा बनने के लिए वर्ल्ड फेमस सिंगर जस्टिन बीबर को उन्होंने मुंबई बुला लिया है। इसी के साथ जस्टिन बीबर के फीस को लेकर भी खूब चर्चा हो रही है। अंबानी परिवार के प्री-वेडिंग फंक्शन में इससे पहले इंटरनेशनल स्टार रिहाना और शकीरा परफॉर्म कर चुकी हैं और अब शादी से ठीक पहले इनकी संगीत सेरिमनी में जस्टिन बीबर धमाल मचाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका की संगीत सेरिमनी में परफॉर्म करने के लिए भारी भरकम फीस ली है। कहा जा रहा है कि जस्टिन बीबर इस सेलिब्रेशन को और खूबसूरत बनाते हुए अपने परफॉर्मेंस के लिए करीब 10 मिलियन डॉलर यानी 84 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं।

## Highlights

1. Brought from outside: Official as Rahul meets loco-pilots in Delhi
2. Principal forcibly removed in UP school, video shows staff dragging her chair
3. Main accused in Hathras stampede that killed 121 surrenders
4. Ugly face of Balak Buddhi: BJP's Malviya on Rahul's Hathras visit
5. Rohit Sharma forgets words while talking to PM Modi, uses 'yeh, woh'
6. 8 suspects in BSP's Tamil Nadu chief Armstrong's murder detained

# In Kutch, Gujarat to reclaim grazing land allotted to Adani Ports after HC plea

**AHMEDABAD, (Agency).** The Gujarat government on Friday told the high court that it has decided to reclaim 108 hectares of land from Adani Port and Special Economic Zone (APSEZ) and restore it as grazing land, ending a 13-year-old dispute over the allocation of land in Mundra's Navinal village in Kutch district.



A bench of chief justice Sunita Agarwal and justice Pranav Trivedi told the government to implement this decision and fixed July 26 as the next date of hearing to review the implementation of the government decision.

The case originated in 2011 when residents of Navinal village approached the High Court of Gujarat challenging the allocation of 231 acres of grazing land to Mundra Port and SEZ Ltd. (now known as APSEZ Ltd) in 2005.

Advocate Anand Yagnik who appeared for the villagers argued that this allocation left them with insufficient grazing land for their cattle.

It was contended by the villagers that there was a serious shortage of grazing land after the state government decided to allocate 231 out of 276 acres of grazing land to APSEZL, leaving them with only 45 acres of land for grazing. The villagers also argued that the allocation of this land was illegal because the government resolution only allowed the allocation of land for industrial uses if there was excess grazing land. It was emphasised that the villagers were already running short of grazing land for the cattle and the common land, which was a community recourse, could not be privatised.

To be sure, the original public interest litigation was disposed of in 2014 following the state's promise to allocate additional land and a subsequent review petition by the state in 2015 citing reduced available land. Contempt proceedings were subsequently initiated on a petition by the farmers, which the high court was hearing.

# India's Nifty 50 posts another record close, longest weekly rising streak of 2024

**BENGALURU, (Agency).** India's Nifty 50 notched another record closing high on Friday and also its longest weekly rising streak for this year, as gains in energy stocks offset a slide in top private lender HDFC Bank.

The NSE Nifty 50 rose 0.09% on the day to 24,323.85 while the S&P BSE Sensex settled 0.07% lower at 79,996.6 points.

The Nifty 50 settled at record closing highs in four out of the five sessions this week, and the broader Sensex did so thrice. Both the benchmarks, which have been gaining for five weeks, added 1.2% this week.

Still, the indexes slipped earlier on Friday.

The lackluster session for the benchmarks is an initial sign of exhaustion at near record high levels, Sameet Chavan, head of research at Angel One, said.

The IT index logged a weekly gain of 4.3%, helped by soft U.S. economic data, which bolstered expectations of a rate cut in September.

Infosys, Wipro, HCLTech and Tata Consultancy Services rose between 2.7% and 5.2%, among the top Nifty 50 gainers this week.

IT companies, which earn a significant share of their revenue from the U.S., will continue to remain in focus with U.S. non-farm payrolls data due later on Friday and earnings starting with TCS on July 11.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक